





# भारत सरकार द्वारा लंदन से मॉ सरस्वती की मूर्ति शीघ्र लाएगी : जनपद अध्यक्ष



**श्री सांवलिया गौशाला की मासिक अमावस्या बैठक व वार्षिक साधारण सभा का हुआ आयोजन**

**मंदसौर। समीपस्थ ग्राम कुंचड़ौद में स्थित श्री सांवलिया गौशाला कुंचड़ौद की मासिक अमावस्या बैठक तथा वार्षिक साधारण सभा का जनपद मंदसौर अध्यक्ष बसंत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ।**

प्रारंभ में गौशाला के संस्थापक ब्रह्मलीन परम पूज्य स्वामी नित्यानंदजी महाराज के श्रीविग्रह पर माल्यार्पण-गोवंदन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कारूलाल भील, उपसरपंच बिहारीलाल गोयल, गौशाला संरक्षक लक्ष्मीनारायण परामर, तथा ठा. जितेन्द्रसिंह पंवार, चन्द्रपालसिंह पंवार, अध्यक्ष बंशीलाल टांक, कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ कुण्डेल, उपाध्यक्ष आजाद कुमार जैन, सचिव दशरथ गोयल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुण्डेल, सहसचिव कारूराम कुमावत, सदस्य पूर्व सरपंच गोरधनलाल रोड़वाल, राधेश्याम मण्डोवरा, बद्रीलाल मारू, बालचंद मारू, निर्मलकुमार जैन, ओमप्रकाश पालरा आदि बड़ी संख्या में गौभक्त कार्यकर्ता, सदस्यगण सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर बसंत शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदि अनादिकाल से गौमाता हमारी भारतीय हिन्दू सनातन संस्कृति की मूल आधार रही है। गौमाता किसी एक समाज राष्ट्र विशेष की नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व की पालक/संरक्षक है और इसलिये गौमाता का विश्वस्य गौमातरम अर्थात विश्व की माता कहकर सम्मानित किया है।

आपने सांवलिया गौशाला में प्रतिदिन बांटा (बढ़िया सुदाना) भूसा के अतिरिक्त गर्मी में गौमाता को हरा चारा चरी घास भरपेट खिलाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गौमाता हरी घास खाकर स्वस्थ रहे इसके लिये गौशाला समिति के संरक्षक, अन्य पदाधिकारी/सदस्य के अतिरिक्त जो सदस्य नहीं है उनके द्वारा भी बड़ी संख्या में विशेषकर युवा वर्ग निरन्तर प्रयासरत रहते है और इसीलिये कुंचड़ौद की गौशाला आदर्श गौशाला के रूप में देखी जा रही है।

आपने प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री जगदीशजी देवड़ा द्वारा समय-समय पर गौशाला को हर प्रकार का सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि माननीय देवड़ाजी के नेतृत्व में यहां के जागरूक गौभक्त कार्यकर्ता समर्पित भाव से गौसेवा में संलग्न है। उल्लेखनीय है कि गौशाला को स्वर्गीय तत्कालीन गृहमंत्री भारतसिंह, पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायणजी पाण्डे, वर्तमान सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक नानालाल पाटीदार का गौशाला में मिलता रहा है।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने माननीय उच्च न्यायालय के सनातन हिन्दू धर्म के पक्ष में धार भोजशाला का मंदिर निर्णय का अभिनंदन करते हुए कहा कि विदेशी आततायियों द्वारा मॉं सरस्वती माता की मूर्ति को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जो बेच दिया था वह लंदन के संग्रहालय में है जिसे जल्द ही भारत सरकार द्वारा भारत में लोकर वैदिक विधि विधान से समारोहपूर्वक पुनः प्रतिष्ठापित किया जायेगा।

संचालन बंशीलाल टांक ने किया आभार बिहारीलाल गोयल ने माना।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 119वें दिन निकाला 5 ट्रॉली कचरा

**मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत सोमवार को 119वें दिन श्रमदान करते हुए नदी से 5 ट्रॉली कचरा एवं गंदगी निकाली गई। श्रमदानियों ने कोर्ट रोड की ओर नदी में जमा प्लास्टिक कचरा, गंदगी एवं नदी किनारों पर फैली गाजर घास को साफ किया।**



इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल नदी की सफाई ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं जल संसाधनों के प्रति जनजागरूकता फैलाना भी है। उन्होंने नागरिकों से नदी में अपशिष्ट पदार्थ नहीं डालने तथा प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक चलने वाले श्रमदान में शामिल होने की अपील की।

अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला स्टेशनरी व्यापारी संघ, स्वामी विवेकानंद विकास उत्सव समिति, विभिन्न गांवों के ग्रामीणजन, समाजसेवी एवं कांग्रेसजन सहित बड़ी संख्या में श्रमदानी उपस्थित रहे।



# ग्राम अजयपुर में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित, 68 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**मंदसौर।** ग्राम अजयपुर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में कुल 68 लोगों की ओपीडी दर्ज की गई, जिनमें 24 पुरुष एवं 44 महिलाएं शामिल रहीं।

शिविर के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कुल 55 एक्सरे किए गए, जिनमें 4 एक्सरे एब्नार्मल पाए गए। साथ ही 4 स्पूटम कलेक्शन किए गए तथा 10 सीवाई टेस्ट किए गए। शिविर में 68 लोगों की हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं बीपी जांच भी की गई।

**स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के साथ फूड बास्केट का वितरण**-आयुष्मान आरोग्य शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए टीबी शपथ दिलाई गई। शिविर के दौरान 3 जरूरतमंद हितग्राहियों को फूड बास्केट वितरित किए गए। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं समय-समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

# भगवान से निस्वार्थ रूप से परम प्रेम हो जाए उसे भक्ति कहते है : केशवानंद महाराज

**मंदसौर। पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद 1008 केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का आयोजन प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक हो रहा है।**

> केशव सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया और कारूलाल सोनी ने बताया कि हर बार पुरूषोत्तम (अधिक) मास के दोरान संतो का आगमन होता है जिनके प्रवचनों का लाभ धमार्लुजन लेते है। इस बार पुरूषोत्तम (अधिक) मास के दौरान पूज्य पाद 1008 केशवनानंद जी महाराज अकोला के मुख से प्रतिदिन 17 मई रविवार से प्रातः 8 .30 बजे से 10 बजे तक नारद भक्ति सूत्र दिव्य प्रवचनो का वाचन हो रहा है जिसमें नगर की धर्मप्रेमी जनता अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त करें।

दिनांक 18 मई 2026, सोमवार को नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने बताया कि भक्ति प्रेम स्वरूपा होती है अर्थात् भक्ति का रूप प्रेम से शुरू होता है। आपने बताया कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए हमार शास्त्रों में तीन योग (उपाय) बतायें गये है। जिनमें कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग होते है। कर्म योग और ज्ञान योग का मार्ग कठिन होता है इसलिए मनुष्य भक्ति मार्ग के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त करता है। नारद भक्ति सूत्र में सूत्रो के माध्यम से भक्ति के बार में विस्तृत से बताया गया है। आपने बताया कि निस्वार्थ प्रेम पूर्णता और तृप्ति की ओर ले जाता है। प्रेम में अपना पन होना चाहिए न की स्वार्थ प्रायः देखने में आता है कि यूं तो मनुष्य दूसरे मनुष्य से बहुत प्रेम करता है लेकिन थोड़ा से कुछ होने पर प्रेम नष्ट हो जाता है और विद्रोह उत्पन्न हो जाता है। ऐसा भक्ति प्रेम में नहीं होना चाहिए।

स्वामी जी ने बताया कि भक्त प्रहलाद जब गुरूकुल से आते है तो उनके पिता हिरणयकश्यप उनसे बहुत प्रेम करते है लेकिन जब भक्त प्रहलाद भगवान का स्मरण करते है तो नाराज हो जाते है उसे मारने पर आ जाते है अघात प्रेम पल भर में गायब हो जाता है। प्रेम में ऐसा नहीं होना चाहिए। आज कल तो प्रेम भौतिकवाद और सुख सुविधाओं में बंध कर रह गया है। भक्ति की व्याख्या करते हुए नारद मुनि बताते है कि भक्ति के नष्ट करने वाली चीजों से बचना चाहिए। भक्ति प्रेमस्वरूपा है अपने आप को ईश्वर की भक्ति में लीन करना चाहिए।

ईश्वर भी प्रेम का आदर करते है, प्रेम सुखदाई होता है। परम भक्ति अमृत के समान होती है इस आनंद के सामने अन्य सारे आनंद फीके पड़ जाते है।

## एक नजर में

### जनगणना का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण, स्व गणना में मंदसौर प्रदेश में प्रथम

**मंदसौर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि जिले में जनगणना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि चार्ज अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। स्व गणना अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंदसौर जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बैठक में गर्मी व आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी नगरीय निकायों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में तत्काल जल स्रोतों का अधिग्रहण करने तथा अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश भी दिए गए। गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों पर बारदान, गोदाम एवं परिवहन व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि स्लॉट बुकिंग 23 मई तक जारी रहेगी। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वर्गीय दीपिका नाहर को दी श्रद्धांजलि



**भानपुरा।** श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर परिवार ने नाहर पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका स्वर्गीय दीपिका नाहर के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के संस्थापक शरद सकलेचा, चेयरपर्सन नीति मोदी एवं सचिव प्रतिभा सकलेचा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संस्थापक शरद सकलेचा ने कहा कि दीपिका नाहर विनम्र, सेवाभावी एवं प्रतिभाशाली शिक्षिका थीं। उनके निधन से नगर के शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। चेयरपर्सन नीति मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुर्घटना में घायल परिजनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विद्यालय के पीआरओ अशोक व्यास ने कहा कि स्व. दीपिका नाहर विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय एवं समर्पित शिक्षिका थीं। उन्होंने अल्प समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार 19-20 मई को मंदसौर दौरे पर

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार 19 एवं 20 मई को दो दिवसीय प्रवास पर मंदसौर आएंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मोर्चा पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत 19 मई को शाम 4 :30 बजे शहर के अंबेडकर चौराहे पर प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का भव्य स्वागत किया जाएगा। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामरतन अटेला ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 20 मई को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### नारायणगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 402 किलो डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर।** नारायणगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 402 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी की महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन कार से करीब 8 लाख रुपए मूल्य का डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर भांगी पिपलिया-चौथखेड़ी रोड पर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी लालसिंह बौराना निवासी दोरवाड़ी थाना नारायणगढ़ को गिरफ्तार कर उसकी स्कॉर्पियो कार क्रमांक आरजे 14 यूएन 7855 से 20 कट्टों में भरा डोडाचूरा जब्त किया।

# गायत्री परिवार की जन्मशताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला

**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला स्तरीय जन्मशताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला का आयोजन 18 मई सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर पर सम्पन्न हुआ। प्रज्ञा संगीत, दीप प्रज्ज्वलन एवं देव पूजन के क्रम पश्चात कार्यशाला अंतर्गत मंदसौर जिले की नवगठित तहसील समन्वय समितियों, गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं व्यवस्था मंडलों के दायित्ववान एवं सक्रिय परिजनों को संगठनात्मक प्रशिक्षण अंतर्गत गायत्री परिवार की रीतिनीति, कैसे हो हमारे कार्यकर्ता, कार्यक्रम एवं प्रज्ञा संस्थानो के वैधानिक एवं कानूनी दायित्व, मिशन की निर्धारित रीति अनुसार आयोजन करने और पंजीकृत रसीद बुक प्रयोग करने, तहसील समन्वय स्मृतियों के कार्य, सप्त क्रांति आंदोलन एवं गायत्री परिवार के विविध आंदोलनात्मक कार्यक्रमो जिनके अंतर्गत साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी जागरण, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, व्यसन मुक्ति, पर्यावरण, युवा जागृति, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, बाल संस्कार



शाला, स्वालंबन, स्वास्थ्य, पत्रिकाओं के विस्तार, मंडल गठन, गोष्ठियों, संस्थानों की अनिवार्य आंतरिक एवं बाह्य गतिविधियों विषयक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि एवं उज्जैन उप जोनल समन्वयक श्री प्रभाकर सोनोने एवं टोली में वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं उपजोन सहसमन्वय डॉ.शशिकांत जी शास्त्री एवं आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी प्रभारी श्रीमती उर्मिला तोमर, नारी जागरण अभियान प्रतिनिधि श्रीमती सुनीता शर्मा, नीमच जिला समन्वयक श्री गिरिराज सिंह चौहान, नारी जागरण जिला रतलाम से सुश्री निशा धनोतिया द्वारा प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मंदसौर जिले की मंदसौर, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा, दलौदा, मल्हारगढ़ तहसील समन्वय समिति सदस्यगण एवं गायत्री शक्तिपीठों, प्रज्ञा पीठों के ट्रस्ट एवं व्यवस्था मंडल सदस्यों सहित सक्रिय समर्पित गायत्री परिजन उपस्थित थे। कार्यशाला में युगानुकुल साहित्य का स्टॉल लगाया गया जिनमें कार्यशाला के प्रशिक्षण विषयक साहित्य ब्रह्मभोज में उपलब्ध करवाया गया।

कार्यशाला में प्रज्ञा संगीत श्रीमती वीणा साहू, सुश्री निशा धनोतिया, सुश्री यशस्वी साहू एवं गौरव साहू ने प्रस्तुत किया। चलते चलते पाथेय मंदसौर जिला समन्वयक श्री जसवंत सिंह राठौर द्वारा दिया गया, युगनिर्माण सत्संकल्प सह समन्वयक श्री पवन गुप्ता द्वारा कराया गया।

कार्यशाला का आभार गायत्री परिवार ट्रस्ट मंदसौर के मुख्य ट्रस्टी सुषमा द्विवेदी एवं संचालन पन्नालाल मालवीय द्वारा किया गया। शांतिपाठ उपजोन समन्वय समिति सदस्य ईश्वर लाल फरक्या द्वारा किया।

# त्याग, तपस्या, राष्ट्रभाव का ये संदेश सुनाएगा : नरेन्द्र त्रिवेदी

**मन्दसौर।** अ.भा. साहित्य परिषद मंदसौर की संघ विषय, शाखा (संस्कार केन्द्र) डॉ. हेडगेवार श्री गुरूजी भगवा ध्वज, पथ संचलन, प्रशिक्षण वर्ग आनंद, विभाजन विभीषिका में, प्राकृतिक आपदा में, सेवा कार्य आपातकालीन संघर्ष गाथा, सेवा बस्ती कार्य, सामाजिक समरसता, गौ सेवा, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण नागरिक अनुशासन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य बी.आ. नलवाया के मुख्य आतिथ्य सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण के साथ हेमासिंह की सरस्वती वंदना से हुई। परिषद का गीत ''भारती का लोकमंगल साधना साकार हो'' नंदकिशोर राठौर ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री नलवाया ने कहा कि संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ के विषयों पर आधारित यह कवि गोष्ठी हमारे दिलों में राष्ट्रप्रेम का संचार करते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाली सिद्ध होगी। आपने अपनी कविता ''पीले पत्तों के मत तोड़ों एक दिन ये स्वयं झड़जायेंगे, बैठो करो बुजुर्गों के पास एक दिन में तस्वीर बन जाएंगें'' सुनाई। श्री बटवाल ने कहा कि कविता कल्पना विचारों का तालमेल है आज विश्व की चुनौतियों को समझकर हमें उर्जा संकट का समाधान समूह में यात्रा करके, अनावश्यक यात्राएं टाल कर तेल मितव्ययिता को बढ़ाना चाहिये।

श्री ब्रजेश जोशी ने पथ संचलन पर कविता ''करते जब स्वयंसेवक पथ संचलन, हृदय में होता राष्ट्र प्रेम का स्पंदन'' सुनाई। सुरेन्द्र शर्मा पहलवान ने कुटुम्ब प्रबोधन पर कविता बंटवारा सुनाई। राजेन्द्र तिवारी ने समरसता पर कविता ''चलो हम इतना तो कर पाएं, मैं और तुम हम हो जाए'' सुनाई।

# कंसनिषूदन भगवान जगन्नाथ की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**मन्दसौर। भगवान जगन्नाथ की प्रतिमाह शुक्ल पक्ष की द्वितीया को होने वाली महाआरती इस माह 17 मई, रविवार को बड़े हर्षोल्लास से संपन्न हुई।**



जैसे जैसे भक्तों को जानकारी मिल रही है कि हमारे अपने मन्दसौर नगर में ही शिवना नदी तट पर भगवान श्री पशुपतिनाथ के सामने, भावसार धर्मशाला के पास ही भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी 500 वर्ष से अधिक समय से पुरी (उड़ीसा) के प्रतिरूप काष्ठ के विग्रह विराजित हैं। वैसे वैसे भक्त अपने आराध्य के दर्शनों को आतुर हो रहे हैं। भक्तों के सहयोग से जीर्णोद्धार कार्य तेजी से चल रहा है। वर्तमान में पूर्व दिशा में पशुपतिनाथ मंदिर की ओर भव्य द्वार का निर्माण प्रगति पर है। महाआरती में जितेंद्र रामावत, रमेशचंद्र शर्मा, रामनारायण गंधर्व, हरिओम माली आदि द्वारा गाए भजनों ने भक्तों को भक्तिरस में डुबोया।

महाआरती के मुख्य यजमान श्री ललित खेमानी थे। परी खेमानी, संगीता सक्सेना, कल्पना खेमानी, ममता उपाध्याय, इनाया, हितार्थ, गिरिराजदास सक्सेना, अनिल गुप्ता, बालकिशन कमरिया, रूपनारायण जोशी, योगेश गुप्ता, किशोरकुमार बिजानी, योगी खेमानी, गोपाल पाटीदार, नंदलाल परमार, योगी खेमानी, संजय शर्मा, पं. संजय शर्मा, गिरधारीलाल, राजेश कसेरा, नक्षत्र सैनी, बंटी शर्मा, जितेंद्र पारख, वीरेंद्रसिंह, अमृतकुमार पोरवाल, विनोदकुमार तिवारी, पंडित आशुतोष उपाध्याय आदि बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने करकमलों से भगवान जगन्नाथ की आरती उतारी।

**एक नजर** जाँबाज़ बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

# वैदिक शिविर : नारायणगढ़ में शौर्य और संस्कारों का दिखा संगम

**नारायणगढ़। नगर में आर्य समाज और आर्य वीर दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वैदिक संस्कार, योगाभ्यास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 2026 रविवार, 17 मई को एक भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हो गया।**



अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान शताब्दी वर्ष को समर्पित यह विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर बीते 1 मई से निरंतर संचालित किया जा रहा था। इस 17 दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के लगभग 150 बालक-बालिकाओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भागीदारी की। पूरे शिविर के दौरान आयोजकों द्वारा भोजन की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे प्रशिक्षुओं को एक अनुशासित और सकारात्मक माहौल मिल सका।

इस गरिमामयी आयोजन में जिला मुख्यालय मंदसौर से भी आर्य समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। मंदसौर आर्य समाज के प्रधान मधुसूदन आर्य, डालूराम लिलोरिया, सुनील गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता एवं प्रमोद गुप्ता ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आर्य समाज मंदसौर की ओर से शिविर के सफल संचालन हेतु 15 हजार रुपये की सम्मानजनक सहयोग राशि भी सप्रेम भेंट की गई।

आर्य समाज नारायणगढ़ के प्रधान ओमप्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोटा, राजस्थान से पधारे श्रद्धेय सत्यार्थ मुनिजी महाराज थे, जिनके ओजस्वी विचारों ने उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्तौड़गढ़ गुरुकुल के ट्रस्टी मनुदेव जी आर्य उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमच के पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. राजेश पाटीदार द्वारा की गई। समापन समारोह के उपरांत एक विशाल भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें नगर व क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की।

17 दिनों के इस कठिन और ज्ञानवर्धक सफर को सफल बनाने में मुख्य प्रशिक्षक नंदकिशोर इंदौरिया, नरेश आर्य, विशाल चौधरी सहित अतिथि शिक्षिका रिचा शर्मा और विशाल ने अपनी अद्वितीय भूमिका निभाई। इन्हीं कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार हुए बाल वीरों ने समापन के अवसर पर जब अपनी जाँबाज़, मनमोहक और साहसिक प्रस्तुतियाँ दीं, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।